आ रहा है वो खाटूवाला

आ रहा है ज़रा देखो वो खाटूवाला,
दर्द मेरा वो मिटाएगा लीले वाला,
आ रहा है....

थक गया हूँ मैं ज़माने के ताने सुन सुनके,
कब आएगा बता तू खाटू से चलके,
आके सीने से लगा ले तड़प रहा हूँ मैं,
दर्द मेरा वो मिटाएगा मौरवी का लाला,
आ रहा है.....

जल्दी आजा ना कहीं देर तू लगाना ना,
थाम कर हाथ मेरा अब दूर ना जाना,
तेरे ही नाम से चलता है कारोबार मेरा,
दर्द मेरा वो मिटाएगा मोरछड़ी वाला,
आ रहा है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28137/title/aa-raha-hai-vo-khatuwala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |